प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

14.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मकर संक्रांति

मकर सक्रान्ति का पर्व आज देश सहित प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्वालु पवित्र सरोवरों व नदियों में स्नान कर रहे हैं। शिमला जिले के तत्तापानी, कुल्लू जिले के मणिकर्ण व वशिष्ठ स्थित गर्म पानी के चश्मों और कांगड़ा जिले के महाकालेश्वर में व्यास नदी में लोग डुबकी लगा रहे हैं।

इस बीच, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री  मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षा प्रतिभा सिंह आज दिल्ली के लिए रवाना होंगे। तीनों नेता कल दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी

दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री  सुखविंदर सुक्खू और प्रतिभा सिंह प्रदेश में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी को लेकर भी शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं, गौरतलब है कि  प्रदेश में कांग्रेस की जिला और प्रदेश कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भंग कर रखी है। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री कल शाम को दिल्ली से शिमला लौटेंगे। इसके बाद उनका कांगड़ा जिला का शीतकालीन प्रवास भी प्रस्तावित है।

स्थापना दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 1 सौ 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर मिशन मौसम का शुभारंभ करेंगे। इसका लक्ष्य देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाना है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल शिमला में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की विकासात्मक

परियोजनाओं व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को उन निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अति शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जिनका कार्य 80 प्रतिशत से अधिक पूरा किया जा चुका है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को 'टेंडर फार्म' की फीस के युक्तिकरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विभागों की अन्य परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और जरूरी दिशा–निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

नेट परीक्षा–स्थगित

कल होने वाली यूजीसी–नेट परीक्षा स्थगित कर दी गई है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने एक वक्तव्य में कहा है कि त्योहारों के चलते 15 जनवरी को यूजीसी–नेट परीक्षा स्थगित करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि 16 जनवरी को होने वाली परीक्षा पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

महाकुंभ

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मकर संक्रांति पर्व पर प्रथम अमृत स्नान जारी है। इस भव्य आयोजन के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। कल पौष पूर्णिमा पर दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक, सांस्कृतिक औरभव्य समागम में एक करोड़ पचास लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। महाकुंभ 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि 15 जनवरी की शाम से राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके चलते ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की संभावना है।

–बाईट–कुलदीप श्रीवास्तव–39''–

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

**पंजाब केसरी, दैनिक भास्कर और दिव्य हिमाचल** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **राज्य के चार मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए तैयार होगा मास्टर प्लान।**

**ई–के वाई सी न करवाने पर 1 लाख 45 हजार परिवारों का राशन बंद दैनिक जागरण** की एक खबर है।